# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक : 04.06.2025

## प्रेस–विज्ञप्ति

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग, के **खाद्य सुरक्षा अधिकारी** भर्ती 2019 के पदों हेतु दिनांक 02.06.2025 को जारी 44 अतिरिक्त अभ्यर्थियों की विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक10.06.2025 (प्रातः एवं सांय सत्र) को संपादित की जावेगी। विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईटwww.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) मय अटेस्टेशन फॉर्म, ऑनलाईन आवेदन पत्र की प्रति, विस्तृत आवेदन पत्र हेतु ऑनलाईन शुल्क की रसीद सहितविस्तृत आवेदन पत्र की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर सम्बन्धित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति, मूल–निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों सहित **राजस्थान लोक सेवा आयोग, घूघरा घाटी, अजमेर कार्यालय में अनिवार्य रूप से निम्नानुसार निर्धारित दिनांक एवं समय पर व्यक्तिशः काउंसलिंग हेतु**उपस्थित होंवे। काउन्सलिंग हेतु अभ्यर्थियों को पृथक से कोई बुलावा पत्र जारी नहीं किये जायेंगें।

काउंसलिंग का कार्यक्रम निम्नानुसार हैः–

| दिनांक एवं वार | रोल नम्बर | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रातः 9:00 | | | सायं 1:00 | | |
| | काउन्टर नम्बर | रोल नम्बर | कुल अभ्यर्थी | काउन्टर नम्बर | रोल नम्बर | कुल अभ्यर्थी |
| 10.06.2025, मंगलवार | 01 | 100417 से 103118 | 11 | 01 | 109359 से 117730 | 11 |
| | 02 | 103993 से 109242 | 11 | 02 | 117932 से 123883 | 11 |

काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियोंको आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(भंवर सिंह पंवार)
वरिष्ठ उप सचिव